Title: Re: Need to upgrade State Highway Nos. 2 and 26 in Rajasthan as National Highways.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): संसदीय क्षेत्र अजमेर में स्टेट हाईवे संख्या 26 जो वर्तमान में एन.एच. 79 के समीप नसीराबाद बाईपास 20 किमी से प्रारंभ होकर सरवाड़ केकड़ी-सावर होते देवली तक जाकर एन.एच.12 टोंक-कोटा मार्ग 167 किमी पर मिलता है । इस स्टेट हाईवे 26 की कुल लम्बाई 99 किमी है जिसकी वर्तमान केरिजवे 7 मीटर चौडाई में है और एन.एच. 79 को एन.एच. 12 से आपस में मिलाता भी है । वहीं स्टेट हाईवे संख्या 2 जो वर्तमान में दौसा से कुचामन वाया लालसोट-चाकसू-फागी-मौजमाबाद-दूदू-नरैना एवं सांभर होते हुए जाता है । उक्त स्टेट हाईवे मार्ग पूर्वी राजस्थान के दौसा-भरतपुर को पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर संभाग के नागौर को भी जोड़ रहा है ।

इस प्रकार दोनो स्टेट हाईवे से वाहन चालकों को अत्यधिक समय, ईंधन एवं धन में मितव्ययता हो रही है, इसके साथ ही अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रेफिक का दबाव भी कम हुआ है और उक्त दोनो स्टेट हाईवे मार्ग पर आने जाने से आमजन एवं वाहन चालकों को अनावश्यक रूप से लम्बी दूरी का रास्ता भी तय नहीं करना पड़ रहा है । यदि उक्त दोनो स्टेट हाईवे को राष्ट्रीय राजमार्ग में क्रमोन्नत कर दिये जाते हैं तो पश्चिमी राजस्थान के साथ-साथ पंजाब राज्य आदि आने-जाने वाले साधन सीधे भरतपुर-आगरा-कानपुर आ-जा सकेंगे वहीं दूसरी ओर अजमेर का सीधा कोटा होते हुए ग्वालियर से कम दूरी होने के साथ-साथ सीधा जुड़ाव भी हो जाएगा । अतः स्टेट हाईवे सं. 26 नसीराबाद-केकडी-देवली एंव स्टेट हाईवे सं.02 दौसा- दूदू-नागौर को अविलम्ब राष्ट्रीय राजमार्ग में क्रम्मोन्नत कराने की घोषणा कर मुझे अनुग्रहीत करावें ।